बैठक : खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग को अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# सैंपलिंग की कार्रवाई बड़ी दुकानों पर भी करें



बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर एमएल आर्य। • नईदुनिया

रतलाम। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लें। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य ने खाद्य व औषधि प्रशासन अमले को दिए। अपर कलेक्टर आर्य ने अमले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें।

सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें। जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव एमएस मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, अतः सक्रियता से कार्य करें।

### जावरा-बाजना व पिपलौदा में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें

अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा कार्य करवाया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है।

नईदुनिया 23/11/21



# खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों से एडीएम नाराज

## समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री आर्य ने निर्देशित किया कि निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लेवे और जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाएं। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं, अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य ने उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है। अपर कलेक्टर द्वारा उक्त विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव एम.एस. मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, अतः सक्रियता से कार्य करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा कार्य करवाया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई। ग्राम लुनेरा में गौशाला खोलने हेतु भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई के लिए अपर कलेक्टर द्वारा ग्रामीण तहसीलदार तथा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

राज एक्सप्रेस 23/11/21

# सिर्फ छोटी दुकानों पर ही कार्रवाई नहीं करें, बढ़ी दुकानों पर भी पहुंचे

**रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश दिए।**

## ▸ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश



खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री आर्य ने निर्देशित किया कि निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लेवे और जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाएं। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं, अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य ने उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है। अपर कलेक्टर द्वारा उक्त विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव श्री एम.एस. मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, अतः सक्रियता से कार्य करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा कार्य करवाया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई। ग्राम लुनेरा में गौशाला खोलने हेतु भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई के लिए अपर कलेक्टर द्वारा ग्रामीण तहसीलदार तथा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

नवभारत

नवभारत 23/11/21

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के परिणामों के बाद नगर निगम ने सैकड़ों सफाई संरक्षकों का सम्मान किया

# अस्वच्छता के खिलाफ फौज की तरह काम कर रहे हैं सफाई मित्र

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**



शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हर कर्मचारी नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए वर्षो से प्रयासरत है। इनकी इसी मेहनत का फल है कि हम आज स्वच्छता रैंकिंग में देश में रतलाम का नाम भी रोशन कर पा रहे है। हम आगे भी संकल्प ले कि रतलाम शहर को आने वाले साल में देश में नम्बर-1 बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने आज सफाई संरक्षकों के भव्य सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। श्री सोलंकी ने यहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम रतलाम ने प्रेरक दौड़ में गोल्ड हासिल किया। स्वच्छता में नगर निगम रतलाम ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले षहरों में 42 वां व प्रदेष में 10 वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए नगर-निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं पूरी टीम बधाई की पात्र है। यह नगर-निगम रतलाम एवं पूरे शहर की जीत है।

उन्होने कहां कि अब हमे अगले साल 2022 में सब मिलकर रतलाम शहर को नंबर 1 बनाकर पूरे देश में झंडा फहराने की तैयारी करना है। नगर निगम परिसर में रविवार को वर्ष 2021 में मिली उपलब्धि पर दिनांक फायर ब्रिगेड में स्वास्थ्य विभाग के सभी दरोगा, सफाई संरक्षक, ड्राइवर्स, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त सोलंकी के साथ ही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान व कर्मचारी नेता राम कल्याणे, कमल भाटी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहर के 49 ही वार्डों के सभी दरोगा, सफाई संरक्षक, वाहन चालक, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी आदि का सम्मान श्रीफल, फूलमाला व प्रमाण पत्र देकर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कमल भाटी ने किया व आभार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए. पी. सिंह ने माना। प्रसारण

प्रसारण 23/11/21

# नवंबर में अब तक नहीं मिला डेंगू का नया मरीज



प्रसारण

**रतलाम।** जिले में डेंगू का प्रकोप थम गया है। अस्पतालों में नए मरीजों की संख्या में आई गिरावट आई है और एलाइजा किट जांच में नवंबर माह में अब तक नया मामला नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी डेंगू के मामलों में कमी बनी रहेगी। इसका कारण यह है कि अब मौसम में परिवर्तन हो रहा है, ठंड बढ़ने मच्छरों की ब्रीडिंग भी अब कम हो रही है। हालांकि अभी भी काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला अस्पताल सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि पिछले 21 दिनों से अस्पताल की ओपीडी में डेंगू के मामलों में कमी आई है। नए रोगी काफी कम भर्ती हो रहे हैं। पुराने मरीजों का इलाज चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले में इस साल अब तक डेंगू के 412 मामले आ चुके हैं, जो साल 2015 के बाद सबसे अधिक है। जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति ने बताया कि इस साल अब तक एलाइजा किट जांच में डेंगू के 412 मामलों की पुष्टि की गई है, इनमें सर्वाधिक 239 पुरुष हैं। साथ ही 172 महिलाएं और 77 बच्चे प्रभावित हुए हैं। सात सालों में इस साल सबसे अधिक मामले मिले और बच्चो पर भी सर्वाधिक प्रभाव रहा। इस बार जुलाई, अगस्त और सितंबर में रिकार्ड मरीज मिले। बीते 19 अक्टूबर से अब तक एलाइजा जांच में एक भी नया मामला सामने नहीं आया है। सर्वे और बचाव के उपाय निरंतर जारी है।

प्रसारण 23/11/21

## वैक्सीन : जिले के हर ब्लॉक में रोज लगेंगे 3 हजार टीके, हर दिन बनेगा प्लान



रतलाम | जिले में वैक्सीनेशन की संख्या बढ़ाने पर जोर है। अब हर ब्लॉक में रोज 3 हजार टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों को लक्ष्य दे दिया है।

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और खंड चिकित्सा अधिकारियों को कहा है कि हर विकासखंड में लक्ष्य की प्राप्ति होनी चाहिए। जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन 3 हजार वैक्सीनेशन किया जाएगा, इसके लिए अधिकारी प्रतिदिन प्लान करें। आपसी समन्वय रखकर लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। इस पूरे सप्ताह में 1 लाख 20 हजार लोगों को वैक्सीनेटेड करने की तैयारी है।

### अनाज मंडियों में सोमवार को 236 किसानों को टीके लगाए गए

दोनों डोज लगाने के लिए जिले की मंडियों में भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित कराए हैं, यहां रोज आने वाले किसानों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। सोमवार को जिले की 5 मंडियों में 236 लोगों को टीके लगाए हैं, इनमें पहला डोज 21 और दूसरा डोज 215 लोगों को लगाया।

टीकाकरण

## प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन 3 हजार लोगों को लगाए वैक्सीन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** वैक्सीनेशन के लक्ष्य को पाने के लिए अब प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन 3 हजार लोगों को लगाए वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य पाने के लिए सक्रियता से काम करते हुए विकासखंडों में लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसके लिए अधिकारी प्रतिदिन प्लान करें, आपसी समन्वय रखते हुए लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इस पूरे सप्ताह में कलेक्टर ने 1 लाख 20 हजार वैक्सीनेशन के लिए निर्देशित किया गया है।

### मंडियों में 236 को लगे वैक्सीन



वैक्सीनेशन के दोनों डोज का लक्ष्य पाने के लिए मंडियों में भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित कराए गए हैं। जहां प्रतिदिन आने वाले किसानों का वैक्सीनेशन कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को जिले की 5 मंडियों में 236 वैक्सीन लगाए गए। इनमें प्रथम डोज 21 तथा द्वितीय डोज 215 व्यक्तियों को लगाया गया।

पत्रिका 23/11/21

## विकासखंड स्तर पर 23 से 29 नवंबर के मध्य होगा रोजगार मेलों का आयोजन

**रतलाम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से विकासखंड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मेलों में प्रदेश एवं जिले की विभिन्न कम्पनियो के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदो सेल्स प्रतिनिधि, मशीन आपरेटर सुपरवाईजर, ट्रेनी, मशीन वर्कर, सेल्स मार्केटिंग, सिक्योरिटी गार्ड पर आवेदको का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे द्वारा बताया गया कि 23 से 29 नवम्बर 2021 के मध्य विकासखंड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

उक्त मेलो में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल उन्नयन अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थान व आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भी बेरोजगार युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व स्व-रोजगार प्रशिक्षणों हेतु परामर्श प्रदाय कर मार्गदर्शित किया जाएगा।

सिंघम - 22/11/21

## 24 को आईटीआई परिसर में रोजगार मेल

रतलाम। रतलाम जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रथम रोजगार मेला 23 नवंबर को जावरा पंचायत परिसर में आयोजित होगा। इसी प्रकार 24 नवंबर को आईटीआई परिसर रतलाम, 25 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर सैलाना, 26 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर पिपलोदा, 27 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर बाजना तथा 29 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर आलोट में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समय प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक का रहेगा। रोजगार मेलों में बेरोजगार युवाओं की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

23/11/21

## जिले में आज से लगेंगे रोजगार मेले

**रतलाम** | जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। 23 नवंबर को जावरा पंचायत परिसर, 24 नवंबर को आईटीआई परिसर रतलाम, 25 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर सैलाना, 26 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर पिपलौदा, 27 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर बाजना तथा 29 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर आलोट में रोजगार मेला लगेगा। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक का रहेगा। रोजगार मेलों में बेरोजगार युवाओं की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

दै. भास्कर 23/11/21

## जिले में विकासखंडवार रोजगार मेलों का आयोजन आज से

**रतलाम।** जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में प्रथम रोजगार मेला 23 नवंबर को जावरा पंचायत परिसर में, 24 नवंबर को आइटीआइ परिसर रतलाम, 25 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर सैलाना, 26 नवंबर को जनपद परिसर पिपलौदा, 27 नवंबर को जनपद पंचायत बाजना तथा 29 नवंबर को जनपद परिसर आलोट में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्रात: 11 से शाम चार बजे का होगा। रोजगार मेलों में बेरोजगार युवाओं की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

नईदुनिया 23/11/21

# नगर निगम की संपत्तियों की यूनिक आइडी बनेगी, रिक्त संपत्ति बेचेंगे



रतलाम नगर निगम भवन। ●फाइल फोटो

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर निगम की सभी संपत्तियों को आनलाइन किए जाने के लिए अब नगर निगम सभी संपत्तियों की यूनिक आइडी तैयार करवा रहा है। इसके साथ ही निगम रिकार्ड के मान से भी संपत्तियों के मालिक का मिलान किया जा रहा है। सोमवार को निगम अमले ने स्टेडियम मार्केट के काला घोड़े से बैंक कालोनी के सामने वाले हिस्से में दुकानों का पंचनामा बनाकर सभी जानकारी दर्ज की। इन दुकानों में मूल आवंटी व वर्तमान कब्जेधारी की स्थिति भी देखी जा रही है।

मालूम हो कि लोकेंद्र भवन के सामने प्रस्तावित फूड जंक्शन के लिए यहां नगर निगम द्वारा पहले से बनाई गई 53 दुकानों को खाली कराने के लिए निगम ने नोटिस जारी किए थे। इसमें कई दुकानों पर मूल आवंटी की बजाए अन्य लोगों का कब्जा है। इधर निगम ने काला घोड़ा से बैंक कालोनी तक की 36 दुकानों का रिकार्ड भी खंगाला है। इसके बाद यहां भी पंचनामे बनाए गए। बताया जाता है कि ये दुकानें डाट की पुल रोड पर स्थित गुमटियों को हटाने पर विस्थापन में निगम की ओर से करीब 25 साल पहले दी गई थी, लेकिन अब मूल आवंटी इक्का-दुकानों पर ही बचे हैं।

**नित्यानंद मार्केट की छह दुकानों के टेंडर भी निकाले :** शहर सराय स्थित नित्यानंद मार्केट में छह दुकानों पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के बाद इन दुकानों को नीलामी के जरिये बेचने के लिए निगम ने टेंडर जारी किए हैं। इसके साथ ही अन्य विक्रय योग्य संपत्तियों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

**सिविक सेंटर संपत्तियों का भी निराकरण होगा :** निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने गत दिनों बैठक लेकर नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर की दुकान, आफिस चेम्बर, कमर्शियल हाल, आवासीय फ्लैट, आवासीय भूखंड के निराकरण में विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा भी की है। निगमायुक्त ने ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तों के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराने के निर्देश दिए।

> निगम की सभी संपत्तियों की यूनिक आइडी बनाई जा रही है। इसके साथ ही निगम के रिकार्ड के मान से भी मूल आवंटी व वर्तमान कब्जाधारी का मिलान किया जा रहा है।
>
> **- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

नई .

नईदुनिया 23/11/21

# हाल-ए-सीएम हेल्पलाइन : 300 दिन बीते जिम्मेदारों ने शिकायतों का नहीं किया निराकरण

पत्रिका
सिटी
इवेंट

## श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग के जिम्मेदार दफ्तर में दबाए बैठे है शिकायतें



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन के रतलाम में हाल बेहाल है। एक तरफ एक विभाग प्रदेश में अपने आप को अव्वल आने की खुशी मना रहा है तो कई विभाग ऐसे भी है जिन्हे साल के 365 में से 300 दिन बीत जाने के बाद भी शिकायतों की गुत्थी सुलझाने की फुर्सत नही मिल रही है।

सीएम हेल्पलाइन की हकीकत का एक बार फिर से पता सोमवार को उस समय हुआ। जब अपर कलेक्टर एमएल आर्य द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम ने जब सीएम हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की जानकारी मांगी तो तो उनके होश उड़ गए। सीएम हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिन से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित मिली जिसे देख एडीएम ने विभाग प्रमुखों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई।

अपर कलेक्टर ने उक्त सभी विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिले की कृषि उपज मंडियों से संबधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव एम.एस. मुनिया को निर्देशित किया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, इसलिए सक्रियता से काम करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए गए।

### यहां की शिकायतों में बढ़ोतरी

शिकायतों के निराकरण से जुड़े मामले में एडीएम ने कहा कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा काम कराया जाए। जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ काम करना होगा। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी जताई।

### छोटी-छोटी दुकानों पर कार्रवाई न करें

खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान एडीएम ने कहा कि देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं। निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाए।

पत्रिका

पत्रिका 23/11/21

**मिले राहत** • 6 चौराहों पर थे ट्रैफिक सिग्नल... सभी बंद, पार्किंग इंतजाम नहीं, 30 से ज्यादा कैमरे शो-पीस बने हुए

# पार्किंग लाइन डालना शुरू, वाहन खड़े करने में परेशानी न हो इसलिए पार्किंग स्थल बनाना जरूरी

**सुगम हो शहर का ट्रैफिक**

## दो बत्ती और सैलाना बस स्टैंड पर ट्रैफिक सिग्नल तीन साल से हैं बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम के बदहाल ट्रैफिक सुधारने के लिए बदलाव हो रहे हैं। शहर में पार्किंग लाइन डालना शुरू कर दी है, वहीं, ट्रैफिक सिग्नल सुधारने के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। दो से तीन दिन में वन-वे व्यवस्था शुरू हो जाएगी, साथ ही पार्किंग लाइन में वाहनों को खड़ा करना होगा, बड़ी चुनौती ये है कि सरकार की तरफ से शहर में एक भी व्यवस्थित पार्किंग नहीं है।

नतीजतन दुकानों के बाहर वाहन पार्क करने पड़ते हैं, जो विवाद का कारण बनते हैं। शहर के 6 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल थे, जो बंद हो चुके हैं। आलम ऐसा है कि सैलाना बस स्टैंड और राम मंदिर क्षेत्र में पुलिस कर्मियों को हाथ दिखाकर ट्रैफिक संभालना पड़ रहा है।

**ये पार्किंग नहीं... बल्कि, एमसीएच के सामने वाली रोड है**



ये तस्वीर वाहन स्टैंड नहीं बल्कि एमसीएच के सामने वाली रोड की है। पार्किंग का इंतजाम नहीं है, ऐसे में लोग जहां-तहां वाहन खड़े करते हैं। रोड की चौड़ाई से ज्यादा वाहनों की कतारें दिख रही हैं। फोटो - चिंटू मेहता

**अब सख्ती भी जरूरी... 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे, ई-चालान सिस्टम भी फेल**

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए सख्ती की कमी है। 2018 में सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहनों के नंबर के आधार पर वाहन मालिक के घर पर ई -चालान भेजने की शुरुआत की थी। तीन सवारी बैठाने, फैंसी नंबर प्लेट लगाने, तेज रफ्तार से वाहन चलाने, हेलमेट नहीं लगाने, बच्चों द्वारा वाहन चलाने, पार्किंग लाइन के बाहर वाहन खड़े करने सहित अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर चालान भेजने थे। टू-व्हीलर एमपी 43 डीएम 2587 के चालक को पहला चालान भी भेजा था, लेकिन इसके बाद एक महीने में तीन चालान भेज सके। कुछ दिन व्यवस्था चली, जो कि, बंद ही हो गई।

### सिग्नल के प्रस्ताव भेजे जाएंगे

*ट्रैफिक सिग्नल को लेकर मीटिंग में चर्चा हुई है। अधिकारियों के माध्यम से इन्हें सुधारने के लिए प्रस्ताव भी भेजे जाएंगे। पार्किंग लाइन डल रही है, इसके बाद वन-वे व्यवस्था शुरू होगी।*

**मोनिका सिंह,** ट्रैफिक प्रभारी, रतलाम

**2 साल में लगे थे ट्रैफिक सिग्नल, कुछ दिन में बंद**



- शहर के दो बत्ती क्षेत्र में आखिरी ट्रैफिक सिग्नल 3 साल पहले तक चालू था।
- दो बत्ती का सिग्नल 16 लाख 80 हजार से लगाया था, इसका टेंडर 22 मार्च 2016 को हुआ था।
- इंदौर महू नाका स्थित कालाघोड़ा चौराहे की तर्ज पर ट्रैफिक सिग्नल चलाना था, यह कोशिश नाकाम रही।
- दो बत्ती के पांचों रास्तों पर 6-6 मीटर ऊंचे टी आकार के पोल लगे हैं, इनमें ट्रैफिक सिग्नल के तीन-तीन सेट सिर्फ शो-पीस बन गए हैं।
- शहर में सालों पहले छह चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल थे, इनमें दो बत्ती, सैलाना बस स्टैंड, कॉलेज रोड चौराहा, गणेश देवरी, नाहरपुरा चौराहा, लोकेंद्र टॉकीज चौराहा है।
- सैलाना बस स्टैंड और दो बत्ती पर सिग्नल के पोल बचे हैं, बाकी जगह हटा दिए। भास्कर

दे. भास्कर 23/11/21

कोचिंग संस्था को लेकर छात्रों के दो गुटों में आरोप-प्रत्यारोप

# पहले पक्ष से बड़ी संख्या में विद्यार्थी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और धरना दिया



एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे एक पक्ष के विद्यार्थी।

रतलाम. शहर की एक कोचिंग संस्था में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और पढ़ाने वाले शिक्षकों से जुड़े छात्र-छात्राएं दो गुटों में बंट गए हैं। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप होने लगे हैं। एक पक्ष की तरफ से अभाविप ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना देकर कोचिंग के संचालक पर धमकाने का आरोप लगाया। इसमें सीआईडी के आरक्षक धर्मेंद्रसिंह राजपूत पर भी आरोप लगाए गए हैं। दूसरे पक्ष की तरफ से उनके यहां पढ़ाने वाली शिक्षिका के पक्ष में उसके भाई ने नगर निगम परिसर में नारेबाजी करके वाल्मीकि समाज द्वारा 23 नवंबर से सफाई व्यवस्था बंद करने की चेतावनी दे दी है।

एक पक्ष की तरफ से करीब दो सौ विद्यार्थी अभाविप के जिला संयोजक कृष्णा डिंडोर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और धरना दे दिया। उनका आरोप था कि टारगेट पाइंट के धर्मेंद्रसिंह राजपूत (सीआईडी आरक्षक) व ममता बालोद्रा ने उनसे अलग होकर नई कोचिंग क्लास लगाने वालों को धमकाया है। राजपूत ने अपने को पुलिस का होने की बात कहकर कार्रवाई करने की बात कही है। इन विद्यार्थियों का कहना था कि पूर्व में वे सभी टारगेट पाइंट पर ही पढ़ते थे। अब उन्होंने एकजाम नामक संस्था बना ली है। यह बात ममता बालोद्रा और धर्मेंद्र राजपूत को ठीक नहीं लगी। उन्होंने कम रुपए में पढ़ाने का लालच दिया और फिर भी विद्यार्थी उनके यहां पढ़ने नहीं गए तो ये लोग दबाव बना रहे हैं। गगत दिनों ही धर्मेन्द्र सिंह राजपुत के कहने पर ममता बालोद्रा ने हमारे शिक्षक रोशन, राहुल एंव गायत्री पर छेडछाड के झूठे आरोप लगाये गए हैं। विद्यार्थियों के धरने पर एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार पहुंचे और उनकी बात सुनी।

# दूसरे पक्ष से जुड़े वाल्मीकि समाज ने दी चेतावनी मंगलवार से सफाई व्यवस्था करेंगे बंद



निगम परिसर में दूसरे पक्ष के लोग नारेबाजी करते हुए।

## दूसरा पक्ष भी मैदान में

दूसरा पक्ष भी मैदान में आ गया है। इस पक्ष से राहुल परमार ने बताया कि वे टारगेट पाइंट कोचिंग पर पिछले चार माह से ट्यूटर का काम कर रहे हैं। मैं व मेरे साथ रोशन सरगरा, गायत्री पाटीदार हम तीनों टारगेट कोचिंग को छोड़ कर अलग से अपना कोचिंग सेंटर खोलना चाहते थे। टारगेट पाइंट कोचिंग की ममता बालोदरा से कहा सुनी हुई थी। धर्मेन्द्र सिंह राजपत भी मौजूद थे। आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया। डर था कि धर्मेन्द्र सिंह राजपूत पुलिस में है तो नुकसान करवा देंगे। इसी कारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन भी दे दिया था। वास्तविकता में धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने मुझे व मेरे अन्य साथियों को किसी प्रकार कि कोई धमकी नहीं दी थी।

मेरी बहन के साथ कुछ लोग छेड़छाड़ और धमका रहे हैं। इसी बात से वाल्मीकि समाज में काफी आक्रोश है। ये सभी 23 नवंबर से शहर की सफाई व्यवस्था बंद कर देंगे।
**- अभि बालोद्रा**, ममता बालोद्रा का भाई

मेरा कोचिंग से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी जबरन आरोप लगाया जा रहा है। कोचिंग मेरी पत्नी चलाती है और ममता बालोद्रा पढ़ाती है। जिसने पूर्व में भी आरोप लगाए थे और फिर वापस अपनी शिकायत वापस ली थी वही फिर से आरोप लग रहे हैं। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह इसकी पूरी जांच करे।
**- धर्मेंद्रसिंह राजपूत**, आरक्षक सीआईडी

पत्रिका

पत्रिका 23/11/21

# 3 साल में 30 फीसदी भी काम पूरा नहीं हुआ, अब फिर शुरू किया नालों का निर्माण

## शहर में राजेंद्रनगर गोपाल गोशाला क्षेत्र से काम की हुई शुरुआत, मोमिनपुरा तक बनाया जाना है पक्का नाला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में लंबे समय से रुका नालों का निर्माण फिर शुरू हो गया है। राजेंद्रनगर गोपाल गोशाला के पीछे से मराठों का वास की तरफ नाले का निर्माण चालू हो गया है। एक तरफ की दीवार बनाई जा रही है और दूसरे तरफ दीवार निर्माण के लिए खुदाई की जा रही है। मराठों का वास तक निर्माण किया जाएगा। निर्माण तेजी से किया जा रहा है। एक महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा।

शहर में नालों का निर्माण कार्य तीन साल पहले 2018 में शुरू हुआ था। तीन प्रमुख नालों को पक्का किया जाना है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के चलते तीन साल में अभी तक आधा काम पूरा नहीं हो पाया है। बारिश से पूरा काम रुक गया था, लेकिन नालों का काम फिर से शुरू किया है। राजेंद्रनगर गोपाल गोशाला के पास नाले का निर्माण चालू हो गया है। यहां नाले की दीवार बनाई जा रही है। यह नाला मोमिनपुरा तक बनाया जाएगा।

### ये तीन नाले पक्के बनना हैं

1. गोमदड़े की पुलिया से शास्त्रीनगर, छत्रीपुल, हाथीखाना, काजीपुरा होते हुए ऊकाला गणपति मंदिर तक
   - लंबाई 2600 मीटर
   - लागत- 7.52 करोड़ रुपए।
   - अभी स्थिति- 40 % ही काम हो पाया है।
2. आबकारी चौराहे से शुरू होकर मोमिनपुरा होते हुए मराठों का वास तक।
   - लंबाई-550 मीटर
   - लागत-63.58 लाख रुपए।
   - स्थिति- अभी 10 % काम ही पूरा हो पाया है
3. सुभाषनगर से वेदव्यास कॉलोनी, आईएमए हॉल के पीछे, बोहरा बाखल, अमृतसागर तालाब के पास तक
   - लंबाई-1400 मीटर
   - लागत- 2.98 करोड़ रुपए
   - स्थिति- 20 % काम भी पूरा नहीं।

### बोहरा बाखल तरफ निर्माण रोका तो गोपाल गोशाला के पीछे हुआ शुरू, बारिश में पानी भरने की समस्या से मिलेगी निजात



गोपाल गोशाला के पीछे चालू हुआ नाले का निर्माण।

भास्कर

तीन नालों में सुभाषनगर-अमृतसागर तालाब तक का नाला पक्का होना है। तीन साल पहले अमृतसागर तालाब से नालें को पक्के करने का काम शुरू हुआ था। इसके बाद बोहरा बाखल क्षेत्र में काम शुरू हुआ था। लेकिन फिर यह बंद हो गया। इस पर पूर्व पार्षद नजमा इक्का बैलूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त के पास पहुंचे थे और उनसे मराठों का वास और राजेंद्र नगर क्षेत्र से काम शुरू करने की गुजारिश की थी। इस पर नालें के काम शुरू हुआ। नालें का निर्माण शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी बारिश में पानी भरने की समस्या नहीं रहेगी।

दै.भास्कर 23/11/21

# निरीक्षक बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर जाकर सैंपल लें

## कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री आर्य ने निर्देशित किया कि निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लें और जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाएं। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं, अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें।

बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य ने उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है। अपर कलेक्टर द्वारा उक्त विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव एमएस मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं। अतः सक्रियता से कार्य करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।



### राजस्व संबंधित शिकायतें बढ़ी

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलौदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई।

ग्राम लुनेरा में गौशाला खोलने हेतु भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई के लिए अपर कलेक्टर द्वारा ग्रामीण तहसीलदार तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश २३/११/२१

# नगर निगम सम्पूर्ण शहर में रोड़ मार्किंग करेगा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गत दिवस सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुमार पुरूषोतम द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण शहर में रोड मार्किंग की जाए इसके पश्चात दकुनदारो को तीन दिवस की चेतावनी दी जावेगी समय सीमा पश्चात रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाये जाने पर चालानी कार्यवाही एवं वाहन जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण अनुराग सिंह, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में रतलाम शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गो के निर्धारण, बस, ऑटो, मेजिक स्टैंड निर्धारण, सिग्नल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रोड मार्किंग पर चर्चा की गई।

बताया गया कि सम्पूर्ण शहर में सब्जी एवं फल की दुकानो को एक निश्चित स्थान पर शिफ्ट करने हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है, जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, चौमखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षैत्र में लगी हुई सब्जियों की दुकानों को त्रिवैणी मेला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टेण्ड क्षैत्रों की सब्जियों की दुकानों को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृत सागर तालाब की पाल किनारे स्थानांतरित करने, टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेन्ट तिराहा से फव्वारा चोक तक, डाट की पुलिया, पेलैस रोड क्षैत्र की सब्जी दुकानों को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करने, राम मंदिर चौराहा, कस्तुरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई सब्जी दुकाने बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान मे स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। सैलाना बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्सा जो सुलभ काम्पलेक्स के पीछे व पोस्ट आफीस से लगा हुआ है उक्त जर्जर हो चुके हिस्से को दो या तीन मंजिला रिटेल सब्जी मडी में परिवर्तित करने पर भी बैठक में विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात के सुचारू संचालन हेतु एकांगी मार्गो की योजना बनाई गई है। जिसके अंतर्गत एकांगी मार्ग क्रमांक 1 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमे बाजार, गणेश देवरी की ओर रहेगा। सभी वा गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

इसी प्रकार एकांकी मार्ग क्रमांक 2 पर सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवे चौमुखी पुल से गणेश देवरी की और रहेगा कि रानी जी के मंदिर की ओर जा सकें लेकिन सभी वाहन गणेश देवरी की ओर प्रतिबंधित रहेंगे।

एकांगी मार्ग क्रमांक 3 के तहत सभी प्रक के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमे बाजार से घास बाजार की ओर रहेगा। ये स वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहे एकांगी मार्ग क्रमांक 5 के तहत सभी प्रक के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोके टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहे ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर प्रतिबंधित रहेंगे साथ ही सभी चार पहिया वा जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज अ चाहते हैं उन्हें शहीद चौक तक अपने वा को ले जाकर डिवाइडर क्रॉस करके ही अ की अनुमति होगी।

सिंघम - २२

सिंघम - २२/११/२१

# निगम ने सैकड़ों सफाई संरक्षकों का सम्मान किया

## अस्वच्छता के खिलाफ फौज की तरह काम कर रहे हैं सफाई मित्र: उपायुक्त सोलंकी



रतलाम। शहर को स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हर कर्मचारी नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए वर्षो से प्रयासरत है। इनकी इसी मेहनत का फल है कि हम आज स्वच्छता रैंकिंग में देश में रतलाम का नाम भी रोशन कर पा रहे है। हम आगे भी संकल्प ले कि रतलाम शहर को आने वाले साल में देश में नम्बर-1 बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उक्त विचार नगर निगम उपायुक्त विकास सोंलकी ने कल सफाई संरक्षकों के भव्य सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। श्री सोंलकी ने यहां उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगर निगम रतलाम ने प्रेरक दौड़ में गोल्ड हासिल किया। स्वच्छता में नगर निगम रतलाम ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले षहरों में 42 वां व प्रदेष में 10 वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए नगर-निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं पूरी टीम बधाई की पात्र है। यह नगर-निगम रतलाम एवं पूरे शहर की जीत है।

उन्होने कहां कि अब हमे अगले साल 2022 में सब मिलकर रतलाम शहर को नंबर 1 बनाकर पूरे देश में झंडा फहराने की तैयारी करना है। नगर निगम परिसर में रविवार को वर्ष 2021 में मिली उपलब्धि पर दिनांक फायर ब्रिगेड में स्वास्थ्य विभाग के सभी दरोगा, सफाई संरक्षक, ड्राइवर्स, हेल्पर्स, प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र, सभी जोनल प्रभारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सोंलकी के साथ ही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी.सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान व कर्मचारी नेता राम कल्याणे, कमल भाटी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायकसुभाष गोयल आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शहर के 49 ही वार्डों के सभी दरोगा, सफाई संरक्षक, वाहन चालक, हेल्पर्स,प्रत्येक वार्ड से 1-1 उत्कृष्ट सफाई मित्र,सभी जोनल प्रभारी आदि का सम्मान श्रीफल, फूलमाला व प्रमाण पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल भाटी ने किया व आभार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह ने माना।

शापएक्सप्रेस 23/11/21



# खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक मात्र छोटी दुकानों पर ही कार्यवाही नहीं करें, बड़ी दुकानों पर भी पहुंचे

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर आर्य ने दिए निर्देश

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री आर्य ने निर्देशित किया कि निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लेवें और जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाएं। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं, अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य ने उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है। अपर कलेक्टर द्वारा उक्त विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव एम.एस. मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, अतः सक्रियता से कार्य करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा कार्य करवाया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई। ग्राम लुनेरा में गौशाला खोलने हेतु भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई के लिए अपर कलेक्टर द्वारा ग्रामीण तहसीलदार तथा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

प्रसारण 23/11/21